NCRES
NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

R. P. Singh
Gen. Secretary
&
Joint Gen. Secretary-NFIR

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 78/NCRES/76/24

Date : 12.3.2024

श्रीमान महाप्रबंधक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– दिनांक 1.5.2024 को 8 बजे से अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिये दिनांक 19.3.2024 को नोटिस दिया जाना।

महोदय,

नई पेन्सन स्कीम (NPS) रद्द कर पुरानी पेन्सन स्कीम (OPS) लागू कराने के लिये NFIR से सम्बद्ध सभी यूनियने अपने–अपने जोन में व NCRES ने नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में लगातार धरना, प्रदर्शन, रैली निकाल कर प्रयास किया, लेकिन सरकार ने NPS रद्द कर OPS लागू करने की मांग पर ध्यान नही दिया जिसपर NFIR व अन्य सभी सेन्ट्रल/राज्य कर्मचारियों की फेडरेशन और ट्रेड यूनियनो ने मिलकर ज्वाइंट फोरम फार रेस्टोरेशन आफ ओल्ड पेन्सन स्कीम (JFROPS) का गठन किया।

NPS रद्द कर OPS लागू कराने के लिये JFROPS ने 10 अगस्त 2023 को रामलीला मैदान नई दिल्ली, में एक विशाल रैली का आयोजन किया जिसमें लाखो कर्मचारियों ने भाग लेकर "NPS रद्द कर OPS लागू करने" की एक मात्र मांग का प्रस्ताव सर्वसम्मत से पास किया और मीटिंग के बाद JFROPS के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मत से पास एक मात्र मांग " NPS रद्द कर OPS लागू करने" के प्रस्ताव का ज्ञापन भारत सरकार को दिया लेकिन भारत सरकार ने JFROPS द्वारा दिये गये मांग पत्र के ज्ञापन पर कोई कार्यवाही नही किया।

उपरोक्त स्थिति में JFROPS के द्वारा सर्वसम्मत से लिये गये निर्णय के अनुसार NCRES ने दिनांक 1.5.2024 को 8 बजे से अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिये दिनांक 19.3.2024 को नोटिस देने का निर्णय लिया है।

यह भी अवगत कराना है कि NCRES के डिवीजनल कार्यालय, प्रयागराज स्टेशन के PF No.- 6 के सामने से दिनांक 19.3.2024 को 12 बजे वाहन जुलूस निकाला जायेगा जो नवाब यूसुफ रोड, डी.आर.एम. कार्यालय, फायर ब्रिगेट स्टेशन, सुभाष चौराहा, पत्थर गिरजा, पानी की टंकी, सुलेम सराय होते हुये प्रधान कार्यालय पहुंचेगा और प्रधान कार्यालय में भोजनावकाश के समय मीटिंग कर दिनांक 1.5.2024 से होने वाली अनिश्चित कालीन हड़ताल की नोटिस महाप्रबंधक महोदय को दिया जायेगा।

NCRES का अनुरोध है कि उचित कार्यवाही कर अवगत कराने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री